आओ बालाजी आओ बालाजी

आओ बालाजी आओ बालाजी
दर्शन को प्यासे हैं नैना दर्श दिखाओ जी
आओ बालाजी आओ बालाजी ....

निशदिन गुणगान करूँ तेरा ही ध्यान धारण
गिरूं सौ बार मगर नज़रों से न तेरे गिरूं
जीवन मेरा सफल बनाओ झलक दिखाओ जी
दर्शन को प्यासे हैं नैना दर्श दिखाओ जी
आओ बालाजी आओ बालाजी ....

सालासर तेरे है मेहंदीपुर तेरा है
जहाँ हर कण कण में तेरा ही बसेरा है
मेरे मन के मंदिर में भी धाम बनाओ जी
दर्शन को प्यासे हैं नैना दर्श दिखाओ जी
आओ बालाजी आओ बालाजी ....

ज्ञान के सागर हो सियाराम के चाकर हो
हो किनारा तुम ही प्रभु तुम ही भव सागर हो
राशि की अर्ज़ी स्वीकारो लाज बचाओ जी
दर्शन को प्यासे हैं नैना दर्श दिखाओ जी
आओ बालाजी आओ बालाजी ....

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/16532/title/aao-bala-ji-aao-bala-ji

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |